to-date in respect of commodities for Soft Currency and Dollar Areas separately?

The Minister of Commerce (Shri Kanungo): (a) There has been no diversion. The importer has been given the choice to buy from the most economic source, in order to make the best use of the available foreign exchange.

(b) The total face value of licences issued for this half-year so far is Rs. 26 crores for the general area and Rs. 172 crores for the soft currency area.

श्री अग्रवाल, असिस्टेंट, की मृत्यु

*१९७. श्री सरजू पांडेय :
श्री प्रकाश वीर शास्त्री :
श्री मधुसूदन राव :
श्री मोहन स्वरूप :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत जनवरी में वैदेशिक-कार्य मंत्रालय के एक कर्मचारी श्री महेश चन्द्र अग्रवाल का शव प्रधान मंत्री के कार्यालय के निकट पाया गया था; और

(ख) यदि हां, तो उसकी मृत्यु के क्या कारण थे ?

वैदेशिक कार्य उपमंत्री (श्रीमती लक्ष्मी मेनन) : मृतक का शव साउथ ब्लाक में विदेश मंत्रालय के पश्चिमी जीने के पीछे बेसमेंट में पाया गया था । मृत्यु का कारण क्या था और वह किन परिस्थितियों में हुई, इसकी जांच अभी हो रही है ।

Export of Tea to Russia

*198. **Shri Daljit Singh:** Will the Minister of Commerce and Industry be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the tea exports to Russian markets have declined considerably;

(b) if so, the reason therefor; and

(c) the steps taken by Government in this regard?

The Deputy Minister of Commerce and Industry (Shri Satish Chandra): (a) to (c): Exports of Indian tea to the U.S.S.R. during 1959 were 25·15 million lbs. against 25·28 million lbs. during 1958. These figures do not indicate a declining trend in the export of Indian tea to that country.

बेकारों की सहायता के लिये निधि

*१९९. श्री वाजपेयी :
श्री प्रमथव ग्रली :
श्री महन्ती :
श्री अरविन्द घोषाल :
श्री बि० दास गुप्त :

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बेकारों की सहायता के लिए केन्द्र और राज्यों में एक निधि स्थापित करने का प्रस्ताव विचाराधीन है ;

(ख) यदि हां, तो उसकी रूपरेखा क्या है; और

(ग) इस सम्बन्ध में अब तक क्या प्रगति हुई ?

श्रम उपमंत्री (श्री आबिद अली) : (क) से (ग). कारखाने इत्यादि के बन्द होने से बेकारी को रोकने और बेकार हुए कामगारों को काम दिलाने में मदद देने के लिए एक निधि स्थापित करने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है ।